# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 महेश सप्ताह का आगाज, पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण ...





10 अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होने के लिए 10 साल से ...




## खबर संक्षेप

### अवैध शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का अवैध परिवहन करते हुए तीन युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से शराब परिवहन कर बेचने के लिए युवक खडे थे। तभी पुलिस ने अहिवारा बायपास स्थित ग्राम संडी मोड़ मेन रोड पर घेराबंदी युवकों को पकड़ा गया। आरोपी ग्राम पिरदा, भिंभौरी, जिला बेमेतरा निवासी ताम्रध्वज ध्रुव, ग्राम डूमरजावेद टंडन बाइक समेत पकड़ा गया। उसके पास से 255 पौवा अंग्रेजी मदिरा शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में जूपिटर वाहन से शराब ले जाते ग्राम मलपुरीखुर्द निवासी राजकुमार बंजारे को पकड़ा गया। उसके पास से 50 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जब्त सामानों की कीमत 1.86 लाख रुपए आंकी गई है।

### गांजा तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार, 5.51 किग्रा गांजा जब्त

**भिलाई।** स्कूटी में अवैध रुप से गांजा तस्करी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवाला शिवधाम के पास स्थित खाली मैदान में दो युवक स्कूटी सीजी 07 सीटी 3666 में सफेद रंग की बोरी रखकर अवैध रूप से गांजा तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम दुर्गा मंदिर नदगईया पारा, खुर्सीपार निवासी रोहित देवांगन, नदगईया पारा, खुर्सीपार दश पासवान बताया है। दोनों के पास से पुलिस ने पॉलीथिन पैकेट से 5.518 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 2,79,100 रुपये आंकी गई है। नगदी 4,200 रुपये जब्त किया है। पुलिस ने मौके से एक कीपैड मोबाइल, ओप्पो रेनो मोबाइल,स्कूटी सीजी 07 सीटी 3666 को जब्त किया है।

### दुकान का ताला तोड़कर नगदी पार करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** दुकान का ताला तोड़कर नगदी पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोहका, भिलाई निवासी मोह. जुनैद नामक युवक को पकड़ा गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने नगदी 99 हजार 500 रुपए जब्त किया है। पुलिस में शिकायत दुर्गा मंदिर जामुल निवासी ओम प्रकाश साहू ने किया था। 14 जुलाई की सुबह पीड़ित अपनी दुकान खोलकर कुछ दूरी पर गया था। वापस लौटने पर दुकान के ड्रॉज का ताला टूटा पड़ा मिला। जिसमें रखे गए नगदी 1.23 लाख रुपये गायब मिला था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों का फुटेज की जांच कर संदेही मोह. जुनैद तक पहुंच पाई। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# आवासीय खेल अकादमी में बारगांव के दो होनहार खिलाड़ियों का हुआ चयन

## खिलाड़ी तन्नू बेग एवं ओमकार निषाद अकादमी में रहकर सीखेंगे हॉकी खेल की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत विकासखण्ड बेरला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव की व्यायाम शिक्षिका व हॉकी कोच तुलसी साहू के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय के दो होनहार खिलाड़ियों का चयन अवासीय खेल अकादमी रायपुर में हॉकी खेल लिए हुआ है, जिसमें विद्यालय की कक्षा 12 वीं की छात्रा तन्नू बेग एवं कक्षा 11 वीं के छात्र ओमकार निषाद का चयन हुआ है, जहां वे दोनों खिलाड़ी आवासीय खेल अकादमी में रहकर हॉकी खेल की बारीकियां सीखेंगी,हॉल ही में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के ग्वालियर शहर में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ी तन्नू बेग ने छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया था एवं राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग टीम से खेलते हुए अपने कलात्मक खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी प्रकार खिलाड़ी ओमकार निषाद ने कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया निरंतर अभ्यास और समर्पण व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू स्कूल ग्राउंड में रोजाना सुबह और शाम बारगांव, मटिया, कुम्ही, खर्रा,देवरी सहित आस पास क्षेत्रों के 70 से 80 छात्र– छात्राओं को कड़ी मेहनत के साथ हॉकी खेल का नियमित अभ्यास कराती है।



### ट्रायल में किया शानदार प्रदर्शन

व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने बताया कि रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी खेल के लिए चयन ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित किया था जिसमें विद्यालय से तन्नू बेग एवं ओमकार निषाद ने भाग लिया जहां दोनों ने अपने–अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन किया दोनों खिलाड़ियों का चयन उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर हॉकी आवासीय अकादमी रायपुर के लिए हुआ है जहां शासन की आवासीय खेल अकादमी में खिलाड़ियों को मुफ्त उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अच्छी डाइड,किट,और शिक्षा जैसी सुविधाएं मिलेगी विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आवासीय खेल अकादमी में विद्यालय के दो छात्रों का चयन होना गर्व की बात हो है,व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू के कड़े अभ्यास और उत्कृष्ट तकनीकी मार्गदर्शन की बदौलत बारगांव को अब क्षेत्र में हॉकी खेल गांव के नाम से भी एक नई पहचान मिल रही है

## दोहरा हत्याकांड: एक ही घर से उठीं दो अर्थियां, गांव में पसरा मातम

# पारिवारिक विवाद में भीषण हिंसा, देवर ने भतीजी और भाभी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोरेघाट में मंगलवार शाम पारिवारिक विवाद ने ऐसा हिंसक रूप ले लिया कि एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है। आरोपी ने अपनी 18 वर्षीय भतीजी और उसे बचाने पहुंची भाभी पर बांस के डंडे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इस दर्दनाक वारदात के बाद एक ही घर से दो अर्थियां उठीं, जिससे पूरा गांव गमगीन हो गया।

■ रोज-रोज के झगड़े का खौफनाक अंत

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब 7 बजे ग्राम घोरेघाट में अचानक चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो घर के बाहर भयावह दृश्य दिखाई दिया। 18 वर्षीय सकुंतला आडिल खून से लथपथ हालत में नाली के पास पड़ी थी, जबकि उसकी मां कुमारी बाई आडिल (50 वर्ष) गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिलीं। दोनों के सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार घटना के पीछे लंबे समय से चला आ रहा पारिवारिक विवाद कारण बताया जा रहा है। आरोप है कि परिवार के सदस्य हेमलाल आडिल (45 वर्ष) ने विवाद के दौरान गुस्से में बांस का डंडा उठाकर पहले अपनी भतीजी पर हमला किया। बेटी को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां कुमारी बाई भी आरोपी के हमले का शिकार हो गईं। ताबड़तोड़ वार के कारण मां-बेटी को संभलने का मौका तक नहीं मिला और दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा तथा अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद कर लिए गए हैं।



### आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी आया सामने

जांच के दौरान आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्ष 2016 में एक गंभीर आपराधिक मामले में उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा हुई थी। करीब आठ वर्ष जेल में बिताने के बाद वर्ष 2024 में वह रिहा होकर गांव लौटा था। अब वह दोहरे हत्याकांड के मामले में फिर कानून के शिकंजे में है।

### गांव में पसरा मातम

मां-बेटी की एक साथ हुई मौत से पूरे घोरेघाट गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार में लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन किसी ने कल्पना नहीं की थी कि मामला इतनी भयावह परिणति तक पहुंच जाएगा। गांव के लोगों की आंखें नम हैं और हर जुबान पर यही सवाल है कि आखिर रिश्तों में इतनी कड़वाहट कैसे पैदा हो गई कि एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार की दो महिलाओं की जान ले ली। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर पारिवारिक विवादों के समय पर समाधान और सामाजिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित कर दिया है। अब गांव में मातम के बीच मां-बेटी की अंतिम विदाई की चर्चा और घटना की भयावहता लोगों को झकझोर रही है।

# संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे में धारा 163 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला प्रशासन ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शांति, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश को आगामी दो माह के लिए पुनः लागू कर दिया है। यह आदेश 16 जून 2026 से 17 अगस्त 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

■ दो माह तक जुलूस-धरना पर प्रतिबंध

जिला दंडाधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा जारी आदेश के अनुसार संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में खाद्य, आदिवासी विकास, कृषि, आबकारी, खनिज सहित विभिन्न शासकीय विभाग संचालित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, वृद्धजन, महिलाएं एवं आम नागरिक अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं। परिसर में धरना, प्रदर्शन, जुलूस एवं आमसभाओं के आयोजन से आमजन को असुविधा होने तथा शासकीय कार्य प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के तहत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में जुलूस, धरना, आमसभा और प्रदर्शन आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। साथ ही किसी भी सभा, रैली या जुलूस के आयोजन से पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। लाउडस्पीकर अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए भी संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी या कार्यपालिक दंडाधिकारी से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसके अलावा ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र या अन्य घातक हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। धार्मिक परंपरा के तहत रखे जाने वाले कृपाण को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर एक साथ पांच से अधिक व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे। आदेश सभी राजनीतिक दलों, संगठनों, संघों एवं आम नागरिकों पर समान रूप से लागू होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि यह कदम शासकीय कार्यों के सुचारु संचालन तथा क्षेत्र में लोक शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# थान खम्हरिया में चोरी और ठगी की वारदातों से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में चोरी, जेबतराशी और साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं से लोग चिंतित हैं, खासकर रविवार के साप्ताहिक बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरे महिलाओं-बुजुर्गों के पर्स और मोबाइल उड़ा रहे हैं। पिछले 3 महीने में चोरी-ठगी की तीन दर्जन से ज्यादा शिकायतें थाने पहुंची हैं, लेकिन पुलिस स्टाफ की भारी कमी के चलते कार्रवाई धीमी रही पिछले हफ्ते 20 जून को ग्राम सोनचिरिया के योगेश साहू 4.32 लाख के साईबर ठगी का शिकार हुआ था। थाने मे साईबर ठगी के दर्जनो मामले में एक का भी पुलिस समाधान नही कर पायी है। वही नगर के वार्ड क्रमांक 04 निवासी सुभम केडिया के घर के सामने से मध्य रात्रि एक मोटरसाइकिल चोरो ने पार दिया इसी प्रकार 13-14 जून की दरमियानी रात थाना क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ साप्ताहिक बाजार में जेबकतरों का आतंक, बाजार में हर हफ्ते 8-10 लोगों के मोबाइल-पैसे होते है गायब





### वेल्डिंग दुकान मे 1.5 की चोरी का अब तक सुराग नहीं मिला

थाना क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम गातापार मार्ग स्थित राधारानी वेल्डिंग दूकान मे 13-14 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोरो ने 01 लाख रूपए नगद व 50 हजार के कीमती सामान दो नग मोबाईल सेट,एक कटर मशीन तथा एक पंखा चोरो ने उडा ले गये।चोरो पहचान छिपाने सीसीटीवी कैमरा तक तोड़ दिया। दुकान सःचालक की रिपोर्ट पर पुलिस चोर को पकड़ने डॉग स्वाईड का सहयोग लिया फिर भी अभी तक चोर का पता नही चल पाया है, पुलिस के लिए नगर मे बढते चोरी की घटना पूलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

### साइबर क्राइम के मामलो ने बढ़ाई चिंता

सिर्फ जेबतराशी ही नहीं व घरो मे चोरी ही नही बल्कि साइबर ठगी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं,पुलिस के रिकार्ड मे पिछले 30 दिन में एक दर्जन शिकायतें दर्ज हुई हैं। ठग बैंक अधिकारी बनकर या किसी ना किसी बहाने ओटीपी या यूपीआई नं. पूछते हैं या लोन का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस ले लेते हैं। साईबर ठग अब नया पैतरा उपयोग मे लाया है ये लोग मैसेज एलर्ट को ब्लॉक कर देते है। जिससे राशि अंतरण का मैसेज पीड़िती तक नही पहूंच पाती है और एकाउंट से लाखों रूपए किस्त दर किस्त पार होते जाता है। जिले के साईबर सेल भी साईबर क्राईम विरूद्ध कोई ठोस उपाय नही ढूंढ पायी है। वे दर्जनो मामले मे एक भी पिड़ित को न्याय नही मिल पाया।

**थाने मे स्टाफ की कमी सबसे बड़ी चुनौतीः** थान खम्हरिया थाना 1 नगर पंचायत और 62 गांव यानी लगभग 80 हजार की आबादी का क्षेत्र संभालता है पर यहां स्वीकृत बल 22 के मुकाबले सिर्फ 12 पुलिसकर्मी तैनात हैं। इनमें से 2 डायल 112, 2 कोर्ट ड्यूटी,1 मोहर्रीर तथा कम से कम 2 जवान छुट्टी पर रहते हैं। बचे थाना प्रभारी सहित 5 जवानों से थाना, गश्त, विवेचना सब संभाली जा रही है जिससे थाने का कार्य प्रभावित हो रहा है।।थान खम्हरिया थाने मे ▶▶| शेष पेज 11 पर

# बिजली दर वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में बिजली दरों में की गई वृद्धि, लगातार विद्युत कटौती, ट्रांसफार्मरों की कमी तथा कथित रूप से बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा लगातार बिजली दरों में वृद्धि किए जाने से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रदर्शन कारियों ने मांग की कि हाल ही में बढ़ाई गई विद्युत दरों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा जिले में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बेमेतरा जिले के कई ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोग खराब ट्रांसफार्मरों के बदलने के लिए विद्युत कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन समय पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा एबी स्विच, इंसुलेटर और अन्य आवश्यक विद्युत सामग्री की कमी के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिजली बिल भेजे जा रहे हैं तथा स्मार्ट मीटर व्यवस्था के माध्यम से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाला जा रहा है।

■ विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव, बढ़ी दरें वापस लेने और बिजली कटौती बंद करने की मांग



### कार्यपालन अभियंता को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कार्यपालन अभियंता, विद्युत मंडल बेमेतरा को ज्ञापन सौंपकर बिजली दर वृद्धि वापस लेने, अघोषित बिजली कटौती रोकने, खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने, विद्युत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगामी दिनों में और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

बिजली दरों में की गई हालिया वृद्धि तत्काल वापस ली जाए। जिले में अघोषित विद्युत कटौती पर रोक लगाई जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए। एबी स्विच, इंसुलेटर सहित आवश्यक विद्युत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कथित रूप से बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। स्मार्ट मीटर व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों का समाधान किया जाए।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंगत साहू, प्राणीश चौबे, प्रांजल तिवारी, कविता साहू, दिनेश पटेल, मिथलेश वर्मा, रश्मि मिश्रा, रोशन सिन्हा, ईश्वर वर्मा, विवेक राजपूत, अश्वनी अनंत, झम्मन बघेल, चंद्र प्रकाश साहू, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी, बालकुमारी ध्रुव, रीता पाण्डेय, सनतधर दीवान, सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, राजू साहू, रवि रजक, अजय राज सेन, अमित वर्मा, शुभम गंधर्व, ऋषि वर्मा, प्रकाश ठाकुर, नारायण छाबड़ा, रोमन वर्मा, संजय वर्मा, जगजीत सिंह, नरेश सिन्हा, कोमल पुरी गोस्वामी, हीरामन निषाद, बलवंत साहू, निलेश वैष्णव, गौरव छाबड़ा, प्रतीक दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार को सत्ता में आए ढाई वर्ष हो चुके हैं, लेकिन जनता को राहत देने के बजाय लगातार महंगाई और आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली दरों में लगातार वृद्धि करना सरकार की आदत बन गई है, जबकि आम आदमी पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। ऐसे में बिजली दरों में बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में उपभोक्ताओं को बिजली बिल में जो राहत दी जाती थी, उसे भी वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया है। छाबड़ा ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर उनके हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी तथा बिजली दर वृद्धि और विद्युत अव्यवस्थाओं के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में गूंजा विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत का संदेश

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने जनभागीदारी जरूरी : सांसद संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, सुशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वृद्धजन सभागार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में विकास और राष्ट्र निर्माण को लेकर व्यापक मंथन हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तनकारी कार्यों का उल्लेख करते हुए विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर नई पहचान स्थापित कर रहा है और आत्म निर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का साझा संकल्प है, जिसे जनभागीदारी से ही साकार किया जा सकता है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यकाल में देश ने विकास, सुशासन और जनविश्वास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, रेल, हवाई सेवा, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। प्रदेश के मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की सेवा और प्रदेश के समग्र विकास को गति देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुखी शासन व्यवस्था स्थापित हुई है, जिसके सकारात्मक परिणाम हर क्षेत्र में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग और सहभागिता से विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा।





### कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन

सम्मेलन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव तथा राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला भाजपा प्रभारी हर्षिता पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, कार्यक्रम प्रभारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, हर्ष तिवारी, संजीव तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य संदेश यही रहा कि विकास, सुशासन और जनविश्वास के मजबूत आधार पर भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का आयोजन

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. देवेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास के विकास के और जनकल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 21 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं सेवा अभियान आयोजित किए जा रहे हैं।
इसी क्रम में चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित विशेष जनसंपर्क अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ. प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में जनसंपर्क किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में डॉ. अनुज खरे, डॉ. सतिंदर सिंह, डॉ. शेखर ताम्रकार, डॉ. रोशन साहू, डॉ. जयदीप सुर, डॉ. नवीन दारुका, डॉ. मोहंती और बड़ी संख्या में चिकित्सकों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी।

### 18 से तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के अनुविभाग स्तर पर तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में कार्यालय नगर निगम दुर्ग में मोतीलाल वोरा सभागार में तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरवंश सिंह मिरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह शिविर 18 से 20 जून तक मोतीलाल वोरा सभागार कार्यालय नगर निगम दुर्ग में आयोजित किया जाएगा, जिसका समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस तीन दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाना है। शिविर के दौरान विभिन्न प्रमुख योजनाओं के लिए मौके पर ही पंजीकरण और आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**दुर्ग।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है।उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी से मिली जानकारी अनुसार जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है। इसके अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

# रिनोवेशन की बाट जोहता पं. रविशंकर स्टेडियम

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होने के लिए 10 साल से इंतजार, सालभर पहले बीसीसीआई ने किया था निरीक्षण, एक बार फिर उठा मुद्दा

## पूर्व मंत्री हेमचंद यादव से लेकर तत्कालीन सांसद सरोज पांडेय भी कर चुकी प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से जिला क्रीड़ांगन समिति की मंगलवार को पीडब्ल्यूडी सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक बार फिर रविशंकर स्टेडियम के कायाकल्प और उसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने को लेकर लंबी चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इसे प्राथमिकता से साथ आगे बढ़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने इस ऐतिहासि स्टेडियम का कायाकल्प आवश्यक है। बता दें कि पिछले करीब 10 सालों से इस स्टेडियम के रिनोवेशन और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने की कवायद की जा रही है। पहले पूर्व मंत्री हेमचंद यादव ने इस दिशा में काम किया। उनके निधन के बाद मामला अटकते रहा। फिर तत्कालीन सांसद सरोज पांडेय ने अधिकारियों की टीम के साथ स्टेडियम का निरीक्षण किया। बड़ी-बड़ी कार्ययोजना बनी, लेकिन काम कुछ नहीं हो पाया।

पिछले करीब दो साल से वर्तमान में मंत्री गजेंद्र यादव स्टेडियम को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए प्रयास शुरू किया है। इस बीच स्टेडियम पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। पवेलियन से लेकर खिड़कियां, दर्शकदीर्घा यहां तक मानस भवन पूरी तरह से कबाड़ और खंडहर हो चुका है। इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए जुलाई 2025 में बीसीसीआई की टीम ने भी निरीक्षण किया, लेकिन निरीक्षण के बाद फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी गई। अब फिर नए सिरे से इस विषय को लेकर बैठक हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि बीसीसीआई को 33 वर्षों के लिए इस स्टेडियम को देने की तैयारी है। इसके लिए सारे नियम-कायदे शर्तें और तकनीकी दिक्कतों को दूरी करने की कवायद की जाएगी। प्रशासन ने इसके लिए लोक निर्माण विभाग के ईई आरके भट्टाचार्य को नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है। आयोजित बैठक में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### बीसीसीआई करेगा 200 करोड़ से ज्यादा का निवेश

विशेषज्ञों की मानें तो बीसीसीआई की यूनिट है छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ। जिला क्रीडांगन समिति का अनुबंध छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से होगा। इसके बाद बीसीसीआई के मापदंडों के अनुरूप पूरा स्टेडियम रिनोवेट किया जाएगा। बीसीसीआई इन समय अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ही स्टेडियम को तैयार कर रही है। इसलिए रविशंकर स्टेडियम भी इसके अनुरूप ही तैयार किया जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो 200 करोड़ से ज्यादा का निवेश बीसीसीआई सीएससीएस के माध्यम से करेगी। बैठक में ऐसे सारे विषयों पर चर्चा की गई।स्टेडियम के पुनर्विकास, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण, जर्जर भवनों के अपलेखन तथा खेल परिसंपत्तियों के बेहतर संचालन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर सहमति बनाई गई। बैठक में बताया गया कि पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम की भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की दिशा में प्रक्रिया प्रारंभ किया जा है। इसके लिए बैडमिंटन कोर्ट की भूमि को छोड़कर शेष भूमि को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के माध्यम से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को 33 वर्ष की अवधि के लिए लीज पर देने का प्रस्ताव राज्य शासन को अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा। अधिकारियों को इस संबंध में अन्य जिलों में किए गए कार्यों का अध्ययन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



अब मंत्री गजेंद्र यादव ने संभाला मोर्चा।



### तकनीकी दिक्कतों का समाधान नहीं

समिति से जुड़े पुराने क्रिकेटरों और विशेषज्ञों की मानें तो रविशंकर स्टेडियम को बीसीसीआई को देने में कई तकनीकी दिक्कतें सामने आने की आशंका है। वर्तमान में निगम का एसएलआरएम सेंटर और चौपाटी लंबे समय से इस जगह पर संचालित है। इसे लेकर कहीं किसी प्रकार की अनुमति जिला क्रीडांगन समिति से नहीं ली गई, न ही किराया या अन्य शुल्क दिया गया। पूर्व की बैठकों में यह मुद्दा लगातार उठते रहा है, लेकिन अब तक ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा इस परिसर में 127 दुकानें हैं, इसमें से सिर्फ 10 ही पूर्व लीजधारक हैं। बाकी सभी ने दुकानें बेच दी है या किराए पर उठा ली है। इसका कहीं कोई रिकॉर्ड नहीं है। 70 प्रतिशत से ज्यादा दुकानें आज भी संचालित हैं। अधिकांश गैरेज हैं। मंगलवार को हुई बैठक में उन्हें नोटिस जारी कर हटाने की तैयारी है। इससे पहले भी उन्हें हटाने को लेकर कवायद की जा चुकी है, लेकिन विरोध के बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके अलावा तत्कालीन सांसद सरोज पांडेय ने शासन और केंद्रीय खेल मंत्रालय की मदद से इसे ग्राउंड को रिनोवेट करने का प्लान बनाया, लेकिन फंड नहीं मिलने की वजह से पूरा मामला अटक गया। वर्तमान में मंत्री गजेंद्र यादव ने इसे गंभीरता से लिया है। उनका दावा है कि वे स्टेडियम के विषय को लेकर सारी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।

### बैडमिंटन कोर्ट के लिए जगह छोड़ी गई

बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम एवं मानस भवन को अत्यंत जर्जर और अनुपयोगी घोषित किए जाने के बाद दोनों भवनों के अपलेखन की कार्यवाही पर सहमति बनी। इसके बाद प्रस्तावित खेल अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। स्टेडियम परिसर में संचालित दुकानों के अनुबंधों की समीक्षा करते हुए समिति ने सुरक्षा एवं विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों को अनुबंध की शर्तों के अनुसार एक माह का नोटिस जारी कर दुकानें खाली कराने का निर्णय लिया। साथ ही सुरक्षा निधि का समायोजन एवं भुगतान नियमानुसार किए जाने के निर्देश दिए गए। इस कार्य के लिए नगर निगम आयुक्त, एसडीएम दुर्ग एवं संबंधित अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डीएमएफ मद से निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का समुचित रखरखाव, संचालन, मरम्मत और खेल गतिविधियों के विस्तार के लिए इसे जिला क्रीड़ांगन समिति को हस्तांतरित किया जाएगा।

### दावा था दो साल में हो जाएगा काम शुरू

बता दें कि जुलाई 2025 में जब बीसीसीआई की टीम ने स्टेडियम का निरीक्षण किया था, तो दो साल के अंदर काम शुरू होने की बात कही गई थी। एक साल गुजर चुका है, लेकिन अब तक प्रशासन कोई ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाया है। बता दें कि जुलाई 2025 में इस प्लान को आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और बीसीसीआई की टेक्निकल टीम दुर्ग पहुंची था। रविशंकर स्टेडियम में टीम ने मौके का मुआयना किया। स्टेडियम के चारों तरफ खेल एरिया,पार्किंग, इनडोर और आउटडोर निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का भी जायजा लिया। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम के लीज की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जमीन ट्रांसफर करने और अनुबंध प्रक्रिया में तेजी लाने निर्देश दिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से स्थानीय रविशंकर स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव पर जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किया गया था। जिस पर सहमति बनी है। उस समय खेल अकादमी बनाए जाने की बात कही। बीसीसीआई के मापदंड के अनुरूप जमीन का अधिग्रहण होना था, लेकिन फाइल आगे नहीं बढ़ी।

# बिलो में काम लिया, लेकिन डिफरेंस की राशि जमा नहीं कराई, दो ठेकेदार ब्लैक लिस्ट

## अमानत राशि राजसात, तीन निर्माण कार्यों की निविदाएं निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

बिलो में काम लेने के बाद अंतर की राशि निगम खाते में नहीं जमा कराने वाले दो ठेकेदारों को निगम ने ब्लैक लिस्टेड किया है। इन ठेकेदारों में

- निगम को होगा बड़ा आर्थिक नुकसान




सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन और शशांक सिंह शामिल हैं। निविदा शर्तों का पालन नहीं करने और कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने पर यह कार्रवाई की गई है। उन्हें आगामी एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट किया गया है। साथ ही उनकी जमा अमानत राशि राजसात करते हुए संबंधित निविदाओं को निरस्त कर दिया गया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार अधोसंरचना मद अंतर्गत साइंस कॉलेज के बाजू केनाल रोड निर्माण कार्य हेतु मेसर्स सिद्धार्थ कन्स्ट्रक्शन द्वारा 10.99 प्रतिशत कम दर पर निविदा स्वीकृत कराई गई थी। निविदा स्वीकृति के बाद अंतर की राशि 4.37 लाख रुपये का एफडीआर जमा कर अनुबंध निष्पादित करने के लिए निगम द्वारा कई बार पत्राचार किया गया, किंतु पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद ठेकेदार द्वारा न तो एफडीआर जमा किया गया और न ही अनुबंध निष्पादित करने के लिए उपस्थिति दी गई। इसे निविदा शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए निगम ने 2.20 लाख रुपये की अमानत राशि राजसात कर निविदा निरस्त कर दी तथा फर्म को एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया। इसी प्रकार ठेकेदार शशांक सिंह बैंस द्वारा वार्ड 22 रेलवे लाइन के पास दुर्गा टेंट हाउस तक रोड निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 60 तालाब के किनारे मेन रोड से मंच तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए क्रमशः 25.22 प्रतिशत एवं 21 प्रतिशत कम दर पर निविदा प्रस्तुत की गई थी। दोनों कार्यों में नियमानुसार अंतर की राशि का एफडीआर जमा करने हेतु विभाग द्वारा बार-बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर एफडीआर प्रस्तुत नहीं किया गया।

निविदा शर्तों के उल्लंघन के चलते वार्ड 22 के कार्य में जमा 17,800 रुपये तथा वार्ड 60 के कार्य में जमा 23,500 रुपये की अमानत राशि राजसात कर ली गई है। साथ ही दोनों निविदाओं को निरस्त करते हुए ठेकेदार शशांक सिंह बैंस को भी आगामी एक वर्ष तक नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आमंत्रित सभी निविदाओं में भाग लेने से वंचित कर दिया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग संगम का आयोजन

**दुर्ग।** अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आगामी 21 जून को योग संगम एवं योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मालवीय नगर चौक स्थित खालसा पब्लिक स्कूल में सुबह 7 बजे से 7.45 बजे के मध्य आयोजित होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम की सफलता और व्यवस्थाओं के सुचारू प्रबंधन के लिए विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिसके अनुसार जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरवंश सिंह मिरी को कानून व्यवस्था, संपूर्ण तैयारी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है, वहीं संयुक्त कलेक्टर एवं प्रोटोकॉल अधिकारी के रूप में वे मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण कार्ड वितरण का कार्य भी संभालेंगे।

# जिले में खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता दो किस्तों में किसानों को दिया जा रहा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने मंगलवार को संभागीय कार्यालय में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलों में किसानों को खरीफ बीज और खाद की उपलब्धता आवश्यकतानुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संभाग में खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। संयुक्त संचालक कृषि ने अवगत कराया कि दुर्ग संभाग में 79 प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध 70 प्रतिशत खाद का भण्डारण किया गया है। अब तक 49 प्रतिशत खाद का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संभाग के सभी जिलों में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान में युरिया एवं अन्य उर्वरकों का वितरण शासन के निर्देशानुसार किया जा रहा है। फसलों की आवश्यकताओं के आधार पर यूरिया की आवश्यकता तीन किश्तों में होती है। इसलिए दीर्घ श्रेणी के कृषकों को यूरिया दो किश्तों में उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है तथा लघु श्रेणी के कृषकों को यूरिया का वितरण रकबे के आधार पर एकमुश्त किया जा रहा है। संभाग में 81 प्रतिशत बीज का भण्डारण है। बीज निगम द्वारा किसानों के मांग के अनुरूप 50 प्रतिशत प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है। अब तक किसी भी प्रकार की शिकायते नहीं आई हैं। धान की किस्म स्वर्णा और एमटीयू-1001 की मांग ज्यादा हो रही है।



### सिंचाई के लिए जलाशयों में पानी की उपलब्धता की ली जानकारी

राठौर ने संभाग के जलाशयों में पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने मानसून को ध्यान में रखते हुए जलाशयों के पानी सिंचाई हेतु उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि आज से स्कूल खुलने के साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि स्कूलों की व्यवस्था बेहतर हो। बच्चों को मध्यान्ह भोजन हेतु शहरों की भांति गांवों में भी अक्षय पात्र की सेवाएं दी जा सकती है।

### ई-ऑफिस प्रणाली की भी की समीक्षा

संभाग आयुक्त ने जल जीवन मिशन अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत गांवों में पेय जल उपलब्धता पर जोर देते हुए अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही कार्य संपादित कराने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार सुशासन तिहार के अंतर्गत अधीनस्त कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों का भी गुणवत्ता पूर्वक निराकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त पद्मलाल यादव और उपायुक्त संतोष ठाकुर एवं समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अजय स्वावलंबी भारत अभियान के छत्तीसगढ़ प्रदेश सह समन्वयक नियुक्त

**भिलाई।** स्वदेशी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्वावलंबी भारत अभियान के लिए अजय भसीन को प्रदेश सह समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह घोषणा क्षेत्रीय विचार वर्ग में क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते ने की। प्रदेश सह समन्वयक के रूप में अजय भसीन प्रदेशभर में स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन, रोजगार सृजन, स्थानीय उद्यमों के संवर्धन तथा स्वावलंबी भारत के उद्देश्य को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।



# प्रधान पाठकों की बैठक में दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

समग्र शिक्षा विकासखंड दुर्ग शहरी क्षेत्र में दुर्ग-भिलाई के शासकीय-अशासकीय विद्यलयों के समस्त प्रधान पाठकों की आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में एबीईओ राजेश्वरी चंद्राकर उपस्थित सभी शिक्षकों को नवीन शिक्षा सत्र की बधाई देते हुए शाला खुलने पूर्व शाला शौचालय की साफ-सफाई, पेयजल उपलब्धता, आंशिक मरम्मत कार्य को पूर्ण करने कहा गया। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक की स्केनिंग, अंदर पृष्ठों पर शाला की सिल, जिल्द लगाकर बच्चों का नाम लिखवाने, प्राप्त पुस्तकों की जरूरत के हिसाब से स्कैन कर अतिरिक्त पुस्तक एवं कम पुस्तक मिलने की जानकारी देने, पुस्तक एवं गणवेश इधर उधर न दिखे, शाला में समय सारणी, वार्षिक कार्य योजना संधारण के निर्देश दिए गए हैं। मध्यान्ह भोजन कक्ष की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे, किसी भी स्थिति में जर्जर शाला में बच्चों को नहीं बैठना है। इस वर्ष सभी शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल के माध्यम से वीएसके द्वारा होगी। सभी अवकाश ऑनलाइन लेना होगा। एमबीयू के लिए विशेष शिविर जिला से लगाई जा रही उसमें शतप्रतिशत बच्चों की इंट्री करे,छात्रवृत्ति का कार्य भी अभी से चालू करने कहा गया, सभी बच्चों का प्रग्रेशन हो। नेमसिंह साहू ने सभी प्रधान पाठकों को दर्ज वृद्धि अभियान से अधिक से अधिक बच्चों को अपने शाला में प्रवेश हेतु प्रयास करने कहा।

# भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के स्कूलों की छुट्टी बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग से भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के सभी स्कूलों की छुट्टियां कम से कम एक सप्ताह और बढ़ाने की मांग की है। दत्ता ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में बच्चों का स्कूल आना-जाना तथा स्कूलों में अध्ययन करना उचित नहीं है। शासन को इस विषय पर गंभीरता से पुनर्विचार करते हुए मानसून के आगमन तक अथवा कम से कम एक सप्ताह के लिए स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लेना चाहिए।



## रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# वेतन विसंगति दूर करने और मानदेय बढ़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

कलेक्टर और अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति

- कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित

के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों, अधोसंरचना विकास पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के लिए भूमि एवं भवन के चयन संबंधी विषय की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन स्तर से जारी दिशा-निर्देशों एवं प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पोस्टमार्टम सेंटर में शवों के सुरक्षित रखने के लिए दो बॉडी क्षमता वाले दो मॉर्च्युरी यूनिट स्थापित करने पर सहमति बनी। साथ ही पोस्टमार्टम सेंटर के लिए एक शववाहन की व्यवस्था किए जाने का भी निर्णय लिया गया, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।

### स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ाने चलेगा जागरुकता अभियान

बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित ब्लड बैंक, वृद्धाश्रम पुलगांव एवं पोस्टमार्टम सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन विसंगति एवं मानदेय वृद्धि पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने इस संबंध में नियमानुसार गाइडलाइन तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक रक्तदान करने वाली संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाए, ताकि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ सके।




### जरुरतमंदों को मिले बेहतर सेवाएं, रखें प्राथमिकता में

बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी की जनकल्याणकारी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जरूरतमंदों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन डॉ.शरद पाटणकर, नोडल रेडक्रॉस डॉ. सीबीएस बंजारे, नोडल अधिकारी ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय डॉ. जेपी मेश्राम, कोषाध्यक्ष प्रमोद बाघ, सदस्य दीपक बंसल, जीवन लाल ताम्रकार, डॉ. आशीषन मिंज, राज अड़तिया सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बीएसपी से लोहा चोरी का मास्टर माइंड गिरफ्तार 21 दिनों तक पुलिस ने यूपी में डाल रखा था डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दोनों आरोपियों को सात दिनों के रिमांड पर लिया गया है। लेकिन संजय सिंह का बेटा अभय सिंह को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है वह अभी फरार चल रहा है। अब तक मामले में कुल 10 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अकलोरडीह खदानपारा प्लाट नंबर 18 ए/5 एचआईए में एके ट्रेडर्स में बीएसपी से फ्लू डस्ट के सहारे बड़ा-बड़ा लोहा पार हुआ करता था। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया उसके बाद भिलाई तीन पुलिस हरकत में आई। दबिश देकर एके ट्रेडर्स से लोहे की प्लेट, बीम, कटिंग लोड बरामद किया गया। इसके अलावा स्क्रैप सामग्री का बड़े पैमाने पर भंडारण भी पाया गया। स्क्रैप की लोडिंग और परिवहन में



उपयोग किए जाने वाले वाहन,कई मशीनरी को भी पुलिस ने जब्त किया था। इस बड़े चोरी के मामले में कई ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार, बीएसपी के कई अफसर,सीआईएसएफ के कई जवान अब भी संदेह के घेरे में है। संजय सिंह से पूछताछ के बाद ही बड़ा खुलासा किया जा सकता है।पुलिस ने मौके से 250 टन अवैध लोहा बरामद किया था। जिसकी कीमत 90 लाख रुपए आंकी गई है।परिवहन, लोडिंग, वाहनों की कीमत कुल 3.22 करोड़ रुपए है।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र में तोड़फोड़ कर पाइप की चोरी

**नांदघाट।** झिलगा के आंगनबाड़ी केंद्र में तोड़फोड़ चोरी की घटना प्रकाश में आयी है। जहां अज्ञात असामाजिक तत्वों ने आंगनबाड़ी केंद्र झिलगा में लगे सिंटेक्स के फिटिंग कनेक्शन पाईप को तोड़फोड़ कर चोरी कर नुकसान पहुचाया है। जबकि कुछ दिनों पूर्व ही तुफान से टंकी नीचे गिर गया था जिसे आंगनबाड़ी में रखा गया था। इससे पहले कि उसे पुनः व्यवस्थित लगाया जाता कि पूरा फिटिंग पाइप चोरों ने तोड़कर पार कर दिया। ज्ञात हो कि शासन द्वारा ग्रामीण अंचल में छोटे छोटे बच्चों गर्भवती शिशुवती माताओं किशोरी बालिकाओं को पोषण स्वास्थ्य व अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराने आंगनबाड़ी की स्थापना की गई है। जिसके लिए पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए नल कनेक्शन पाईप और उसके फिटिंग को तोड़ फोड़ कर चोरी कर लिया गया है। जिससे वहां की दैनिक कार्यों में भोजन निर्माण पेयजल शौचालय की आवश्यकताओं में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शुभौतीन घृतलहरे द्वारा विभागीय अधिकारियों को उक्त घटना की जानकारी देने के साथ साथ पुलिस चौकी मारो में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आंगनबाड़ी के शासकीय संपत्ती को नुकसान पहुंचाने वाले अज्ञात लोगों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु लिखित सूचना भी दिया गया है।

### बल की कमी से जूझ रहा नांदघाट थाना, 40 गांव और नेशनल हाईवे की सुरक्षा पर बढ़ा दबाव

**नांदघाट।** बेमेतरा जिले का थाना नांदघाट जिस पर नेशनल हाईवे समेतक्षेत्र भर की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। बल की भारी कमी से खुद ही जूझ रहा है। 40 गांव नेशनल हाईवे में है जो की पूरे छत्तीसगढ़ का सबसे व्यस्त राजमार्ग माना जाता है। राजधानी और न्यायधानी के बीच सड़क संपर्क का माध्यम है। जिस पर 24 घंटे वीआईपी वीवीआईपी मूव्हमेंट रहता है । जहां वाहन दुर्घटना की प्रतिफल संभावना बनी होती है। साथ में जिले के कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल का गृह ग्राम क्षेत्र होने के कारण हर समय अलर्ट मोड पर रहने वाले नांदघाट थाने में एक निरीक्षक 2 उप निरिक्षक 3 एएसआई 6 हेड कांस्टेबल 30 कांस्टेबल के पद शासन द्वारा स्वीकृत है। उसमें वर्तमान में मात्र एक तिहाई बल ही उपलब्ध है। ऐसे में मात्र 14 कांस्टेबल 4 हेड कांस्टेबल में भी दो स्थानांतरित हो गए हैं जाने के बाद दो ही बचेंगे। बल की भारी कमी तो है वहीं डायन 112 के दो वाहन आए है तो उसमें भी दो कर्मी को इंगेज किया गया। है। जिसमें वह थाने की सीमा ही नहीं बल्कि बलौदा बाजार जिले से भी कॉल पर जाकर रिस्पांस दे रहे हैं। 112 की भी अलग समस्या है।

## आयोजन : माहेश्वरी समाज और 'सहयोग' संस्था ने स्कूल परिसर में लगाए पौधे

# महेश सप्ताह का आगाज, पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेवा, संस्कार और सामाजिक सरोकारों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा संगठन बेमेतरा द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'महेश सप्ताह महोत्सव-2026' का शुभारंभ बुधवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान के साथ हुआ। दुर्ग रोड स्थित सिंगोरी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित इस अभियान में समाजजनों ने बड़ी संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और समाज के पदा धिकारियों ने पौधों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए जनसहभागिता पर बल दिया। आयोजन में माहेश्वरी समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों के साथ सामाजिक संस्था 'सहयोग' की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यालय के प्राचार्य संजय प्यासी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है। वहीं छत्तीसगढ़ प्रादेशिक युवा संगठन के अध्यक्ष नीरज चांडक ने जल, जन और जमीन के संरक्षण को जीवन का आधार बताते हुए प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखने का आह्वान किया। माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश काबरा ने 'महेश सप्ताह' के उद्देश्यों और आगामी सात दिनों तक चलने वाले सेवा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि समाज केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी निरंतर कार्य कर रहा है। युवा संगठन के अध्यक्ष हर्ष माहेश्वरी ने युवाओं से पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। महिला मंडल की अध्यक्षा रेनू राठी ने पर्यावरणीय गतिविधियों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



### समाज और सहयोग संस्था की रही व्यापक भागीदारी

कार्यक्रम में माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश काबरा, सचिव अमित माहेश्वरी, मोतीलाल गिलड़ा, ताराचंद चाचा, अमरचंद गिलड़ा, सुनील गिलड़ा, अरुण राठी, चंद्रप्रकाश मूंधड़ा एवं अजय राठी सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से रेनू राठी, अंजू काबरा, विजया लाखोटिया, गायत्री बजाज एवं पूजा राठी शामिल हुईं। युवा संगठन के हर्ष माहेश्वरी, दीपक डांगरा, राहुल बजाज, प्रीतेश गिलड़ा, आयुष चांडक सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। वहीं 'सहयोग' संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौबे सहित संस्था के सदस्य भी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

**जब पौधे बने विशाल वृक्ष, भावुक हुए समाजजन:** वृक्षारोपण अभियान के दौरान समाजजनों ने पूर्व वर्षों में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला एवं पाड़े तालाब परिसर में लगाए गए पौधों का भी अवलोकन किया। कभी छोटे पौधों के रूप में लगाए गए ये पौधे आज विशाल वृक्षों का रूप ले चुके हैं। इस दृश्य ने समाज के सदस्यों को भावुक कर दिया। समाजजनों ने इसे निरंतर देखरेख और सामूहिक प्रयासों की सफलता बताते हुए 'सहयोग' संस्था और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

### सप्ताहभर चलेंगे सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम

महेश सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में गौ सेवा, वृद्धाश्रम एवं जिला अस्पताल में फल वितरण, विशाल रक्तदान शिविर, खेल उत्सव, रचनात्मक प्रतियोगिताएं, बाइक रैली, भजन संध्या तथा 23 जून को महेश नवमी के मुख्य आयोजन होंगे। इस दौरान प्रभात फेरी, रुद्राभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान और महेश भोज का आयोजन भी किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने सभी समाजजनों एवं नगरवासियों से महेश सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागी बनकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### महेश सप्ताह : प्रमुख कार्यक्रम

18 जून : गौ सेवा अभियान, ग्राम झाल गौशाला, 19 जून : वृद्धाश्रम व जिला अस्पताल में फल वितरण, 20 जून : विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, माहेश्वरी भवन, 21 जून : महेश नवमी खेल उत्सव, बेसिक स्कूल मैदान, 22 जून : वेस्ट ऑफ बेस्ट, ड्राइंग, कुकिंग प्रतियोगिता, बाइक रैली एवं भजन संध्या 23 जून : महेश नवमी महोत्सव, प्रभात फेरी, रुद्राभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान एवं महेश भोज।



### सेवा सहकारी समिति हांटरांका में किया पौधारोपण जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को लेकर सेवा सहकारी समिति हांटरांका परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, किसानों तथा समिति के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष थानखम्हरिया केशव पटेल, सेवा सहकारी समिति हांटरांका अध्यक्ष गोवर्धन पटेल, सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, ग्राम पंचायत तोरन के सरपंच लोकनाथ पटेल, ग्राम पंचायत हांटरांका के सरपंच देवराज वर्मा तथा ग्राम पंचायत चीचगांव के सरपंच भगेला साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। वृक्ष न केवल शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता सेवाराम साहू, बल्लू नोहर पाल, खेलावन साहू, गणेश वर्मा, वीरू वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं सेवा सहकारी समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के तहत 18 से 20 जून तक लगेंगे वृहद पंजीयन शिविर

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में "विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर टाउन हॉल बेमेतरा में आयोजित शिविर के शुभारंभ अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा सांसद श्री विजय बघेल करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू, जिला पंचायत के अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जनपद पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, नगर पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिंहा, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अजय साहू उपस्थित रहेंगे। शिविर के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे।

## अंडा-खप्परवाड़ा पुलिया का टूटा डिवाइडर बना हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग से बालोद रोड पर अंडा खप्परवाड़ा के बीच स्थित पुलिया का डिवाइडर पिछले 2 से 3 वर्षों से टूटा हुआ पड़ा है। इसके साथ ही सड़क की हालत भी जर्जर हो चुकी है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस समस्या को लोक निर्माण विभाग और जनप्रतिनिधियों के सामने रखा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। टूटी पुलिया और खराब सड़क के कारण यहां आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। खासकर रात के समय यह मार्ग और अधिक खतरनाक साबित होता है, क्योंकि सड़क और पुलिया की क्षतिग्रस्त स्थिति स्पष्ट नजर नहीं आती। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सड़क क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग की अनदेखी से ग्रामीण 2-3 साल से परेशानी झेलने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारी केवल कार्यालयों में बैठकर हालात का अंदाजा लगा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। उनका कहना है कि यदि जल्द मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## प्रधान पाठक धनेश रजक ने तीन बच्चों की शिक्षा की उठाई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

■ बचपन मे पिता की मृत्यु के बाद से शिक्षक मिली प्रेरणा

समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जिनकी संवेदनशीलता और मानवता दूसरों के जीवन में आशा की नई किरण लाती है तो कही ना कही अभिभावक प्रेरणा का स्त्रोत भी बन जाता है ऐसे ही तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम खबरी धोबी के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक धनेश राम रजक ने एक ऐसी मिसाल पेश की है उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत तीन गरीब बच्चो महिमा निर्मलकर (कक्षा 7वीं), साक्षी निर्मलकर (कक्षा 5वीं) एवं धैर्य निर्मलकर (कक्षा 2री) की शिक्षा की जिम्मेदारी लेकर कक्षा 8वीं तक अपने ऊपर लेने का संकल्प लिया है और सत्र 2026-27 के दुसरे दिवस बच्चों के घर पहुंच कर तीनो बच्चों को ग्रामीणो की उपस्थिति मे बच्चो को शैक्षणिक सामाग्री स्कूल बैग,सभी विषयों की कापी, कंपास बाक्स, पहाड़ा,कलर पेन,पेंसिल, पेन ,रबर कटर, रूमाल,पानी बाटल देकर लोगो के लिए मिशाल पेश किया है। पिडित इन बच्चों के जीवन की कहानी किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की आंखें नम कर सकती है। बच्चों के पिता स्वर्गीय प्रवीण निर्मलकर रोजी-रोटी कमाने शहर गए थे। दीपावली पर्व मनाने परिवार के साथ गांव लौटते समय 18 अक्टूबर 2025 को एक भीषण सड़क दुर्घटना में उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। दुर्घटना में बच्चों की माता भी गंभीर रूप से घायल हुईं थी जिनका लंबे समय तक उपचार भी चला। गरीबी से जूझ रहे इस परिवार पर दुखों का सिलसिला यहीं नहीं रुका। बच्चों की देखभाल करने वाली उनकी दादी स्वर्गीय सुशीला निर्मलकर भी 10 मई 2026 को इस दुनिया को छोड़कर चली गईं। एक के बाद एक अपनों को खोने वाले इन मासूम बच्चों के सामने जीवन का कठिन संघर्ष खड़ा हो गया। आज उनकी माता मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण तो कर रही है परंतु बच्चों की पढ़ाई जारी रखने वह असमर्थ है। प्रधान पाठक धनेश रजक ने बच्चों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझा। उन्होंने भावुक होते हुए कहा जब मैं तीसरी कक्षा में पढ़ता था, तब मेरे पिता का निधन हो गया था। मेरी माता जी ने कठिन परिस्थितियों में हम चार भाई-बहनों का पालन-पोषण किया। मैं जानता हूं कि पिता का साया सिर से उठ जाने का दर्द कितना बड़ा होता है। इन बच्चों की स्थिति देखकर मुझे अपना बचपन याद आ गया। इसलिए मैंने संकल्प लिया है कि कक्षा 8वीं तक इनकी पढ़ाई के लिए आवश्यक शैक्षणिक सामग्री और सहयोग अपनी ओर से प्रदान करूंगा, ताकि ये बच्चे पढ़-लिखकर अपना भविष्य बन सकें।



ग्राम पंचायत खपरी धोबी के सरपंच गिरधारी निर्मलकर ने कहा कि धनेश रजक का यह कार्य केवल सहायता नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है और लोगो के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है।सरपंच गिरधारी निर्मलकर, प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम तथा विद्यार्थी लक्ष्य निर्मलकर, कौशल सिन्हा, योगेंद्र विश्वकर्मा एवं लालू निर्मलकर ने शिक्षक की इस पुनित कार्य की सराहना किया है ।

## नारी शक्ति के सम्मान और राष्ट्र गौरव का पर्व बनेगा '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम : प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला बेमेतरा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल, जनकल्याणकारी एवं ऐतिहासिक नेतृत्व के "12 साल बेमिसाल" पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज 18 जून विविध प्रतियोगिताओं एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने जिले की समस्त महिलाओं, बहनों, छात्राओं, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों तथा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं,आज भारत विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान बना रहा है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों एवं मजबूत नेतृत्व को जाता है,उन्होंने कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़ी अनेक योजनाओं ने देश की करोड़ों माताओं-बहनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने केवल विकास की गति नहीं बढ़ाई, बल्कि गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्गों के सम्मान एवं अधिकारों को भी नई मजबूती प्रदान की है। यही कारण है कि आज देश का प्रत्येक नागरिक "12 साल बेमिसाल" की इस यात्रा को गर्व और विश्वास के साथ देख रहा है। उन्होंने सभी महिलाओं एवं छात्राओं से आग्रह किया कि वे कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता तथा हेल्दी फूड (सलाद डेकोरेशन) प्रतियोगिता में सहभागिता करें और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के इस अभियान का हिस्सा बनें, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी हर्षिता पाण्डेय उपस्थित रहेंगी,विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### जोहार पार्टी ने लिया चुनाव में उतरने का संकल्प

**जामुल।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अहिवारा विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें नगर एवं वार्ड के महिला एवं पुरुष सक्रिय सेनानी को पद देकर जामुल के आगामी नपा चुनाव में आम जनता के बीच पहुंचने का संकल्प लिया तथा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के नगर कार्यालय जामुल का उद्घाटन जामुल के हृदय स्थल संतोषी चौक पुरानी बस्ती में किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से प्रदेश सह सचिव अरुण गंधर्व, प्रदेश कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र चन्द्रहास, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी उपाध्यक्ष अप्पू मेश्राम, यूवा क्रांति सेना अध्यक्ष रवि देवांगन, जिला महामंत्री पप्पू मेश्राम, क्रांति सेना नगर अध्यक्ष पूरन साहू, क्रांति सेना महिला जिला अध्यक्ष दीदी रूपकला श्रीवास एवं बड़ी संख्या में नगर व जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृत विषय पर हुआ ऑनलाइन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ संस्कृत के शिक्षकों ने अध्यापन के सरल तरीके को जाना

नवीन गतिविधि पर आधारित पाठयक्रम के अनुरूप संस्कृत विषय का 7 दिवसीय क्षमता विकास का प्रशिक्षण ऑनलाइन के माध्यम से दिया गया। संस्कृत विषय प्रशिक्षण में बीआरजी के रूप में बिसेन सिंह राजपूत शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर, सूखचैन दास जोशी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केवतरा प्रमुख थे। बिसेन सिंह राजपूत एवं जोशी ने सरस्वती वंदना,गुरु वंदना,दीप वंदना, शांति पाठ, राष्ट्र गान, राष्ट्र गीत, भोजन मंत्र, राज्य गीत का प्रतिदिन सॉसवर वाचन किया गया।बिसेन सिंह राजपूत द्वारा श्लोक वचन, कारक, विभक्ति, उपसर्ग, कृदन्त, प्रत्यय, पुरुष, वचन,लिंग, गद्यांश का शुद्ध उच्चारण के साथ वाचन, मात्रा गणना, समय, अद्य, स्वः, चतुर्थः पाठः,दशमः पाठः कर शुद्ध उच्चारण कर अनुवाद करना, संधि, बताया गया। सुखचैन दास जोशी ने एनईपी 20-20, कला शिक्षा, योग शिक्षा, समावेशी शिक्षा, आंकलन, समास, अवयव, संस्कृत में परिचय, भारतीय ज्ञान प्रणाली, आदि के बारे में प्रकाश डाला। संस्कृत प्रशिक्षण में साजा विकास खंड से सुनीता जोशी, संगीता गजेंद्र, मीना राजपूत, गणेश ठाकुर, राजकुमार धुर्वे, नैनी साहू, प्रेमलता तिवारी, योगेश साहू, पुनाराम साहू,सुरेंद्र कुमार, राजकुमार पांडेय, किशुन साहू,नर्मदा साहू, नरेंद्र तिवारी सहित लगभग सभी शिक्षक शिक्षिका ने प्रतिदिन सहभागिता निभाई और प्रतिवेदन प्रस्तुत की। प्रशिक्षण के पांचवें दिन राजपूत एवं जोशी सर ने सभी को असाइनमेंट के लिए प्रश्न दिया गया और तैयार कर प्रस्तुति करण के लिए निर्देशित किया गया।इस प्रशिक्षण में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी, बीआरसी खोमलाल साहू, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू का विशेष योगदान व मार्गदर्शन रहा।

## मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम एवं आरईएस कार्यों की विभागवार समीक्षा

# जिपं सीईओ ने विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पदमाकर द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में विभिन्न ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा (आरईएस) अंतर्गत संचालित कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ ने मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों, मानव दिवस सृजन, अमृत सरोवर, जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों, व्यक्तिगत लाभकारी योजनाओं तथा श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने एवं परिसंपत्तियों के निर्माण से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ प्लस गतिविधियों, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों तथा स्वच्छता संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की गई। सीईओ ने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों को जनभागीदारी के माध्यम से प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की निर्माण प्रगति, अपूर्ण आवासों, किश्त भुगतान तथा हितग्राहियों को समय पर लाभ प्रदान करने की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के गठन, बैंक लिंकेज, आजीविका गतिविधियों, महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सीईओ ने महिला समूहों को स्वरोजगार एवं आयवर्धन गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा (आरईएस) अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों, सड़क, पुल-पुलिया एवं अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं तथा कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास एवं हितग्राहियों को अधिकतम लाभ पहुंचाने पर बल दिया गया। बैठक में जिला पंचायत के संबंधित अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, जनपद पंचायतों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 10 हजार ऑडियो बुक्स के लक्ष्य के करीब पहुंची वर्ल्ड ऑडियो बुक टीम छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता और नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वर्ल्ड ऑडियो बुक टीम छत्तीसगढ़ ने दृष्टिबाधित एवं सामान्य विद्यार्थियों के लिए 10 हजार ऑडियो बुक्स तैयार करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में टीम अब तक 9,700 से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर चुकी है।

इस प्रेरणादायी अभियान का नेतृत्व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका **के. शारदा** कर रही हैं। स्वयं 80 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने शिक्षा के प्रति अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। के. शारदा अब तक 1,500 से अधिक ऑडियो बुक्स का निर्माण कर चुकी हैं। इस अभियान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 30 समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं, जो अपने नियमित शैक्षणिक दायित्वों के साथ शाला समय के बाद विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण ऑडियो सामग्री तैयार कर रहे हैं। ऑडियो बुक्स के माध्यम से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री सुलभ हो रही है, वहीं सामान्य विद्यार्थी भी सुनकर सीखने की आधुनिक पद्धति का लाभ उठा रहे हैं। यह पहल शिक्षा को अधिक समावेशी, सुलभ और तकनीक-सम्मत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। के. शारदा ने बताया कि टीम का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री पहुंचाना है, ताकि किसी भी बच्चे की शिक्षा उसकी शारीरिक या अन्य सीमाओं के कारण प्रभावित न हो।